>

Title**:** Need to set up a Kendriya Vidyalaya in Fatehpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री महेन्द्र प्रसाद निषाद (फतेहपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र फतेहपुर उत्तर प्रदेश की ओर आकृÂष्ट करना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि जनपद-फतेहपुर उत्तर प्रदेश के स्थानीय लोग बड़ी संख्या में देश के कोने कोने में भारत सरकार के अधीन लोक उपक्रम सहित सेना में कार्यरत हैं, लेकिन उनके परिवार जनपद में ही रह रहे हैं और उनके बच्चों के लिए आज की आधुनिक शिक्षा के लिए कोई केन्द्रीय विद्यालय जनपद फतेहपुर में नहीं है, जिसके कारण बच्चों को अच्छी तालीम नहीं मिल रही है।

अतः मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री भारत सरकार से मांग करता हूं कि यथाशीघ्र जनपद में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु ठोस कार्यवाही करें।